भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1208**
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों की तुलना

+1208. श्री टी॰एन॰ प्रथापनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान विश्वभर के विभिन्न प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों की तुलना की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में रोजगार के अनौपचारिक क्षेत्र और पर्यटन क्षेत्र से संबंधित आय स्रोतों पर महामारी का प्रभाव पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार का कौन-सी योजनाएं और परियोजनाएं लाने का विचार है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

**(क)** और **(ख):** जी नहीं । पर्यटन मंत्रालय ने कोविड़ -19 महामारी के दौरान विश्व भर के विभिन्न प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों की तुलना के लिए कोई औपचारिक अध्ययन शुरू नहीं किया है । तथापि उद्योग जगत के हितधारकों के साथ विचार विमर्श और विचार मंथन सत्र के अनेक दौर नौकरियों और राजस्व का भारी नुकसान दर्शाते हैं ।

**(ग):** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने निम्नलिखित कार्यनीतियां/पहले आरंभ की हैं:

i. कोविड**-19** के बाद पर्यटन क्षेत्र की बहाली से संबंधित मुद्दों पर उद्योग जगत के हितधारकों के साथ नियमित रूप से विचार विमर्श ।
ii. व्यवसाय की सुरक्षित बहाली के लिए यात्रा एवं आतिथ्य उद्योग के विभिन्न वर्गों के लिए प्रचालन संबंधी सिफारिशों जारी की गई हैं ।
iii. विदेशी पर्यटको सहित पर्यटकों की सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्रालय, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के साथ नियमित विचार-विमर्श जैसे अनेक कदम उठाए गए हैं ।

पर्यटन मंत्रालय ने भारत में यात्रा से संबंधित सूचना के रूप में सहायता सेवा प्रदान करने और भारत में यात्रा करते समय संकटग्रस्त पर्यटकों को उपयुक्त मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए घरेलू तथा विदेशी पर्यटको हेतु **12** भाषाओं में **24x7** बहुभाषी पर्यटक इन्फो हेल्पलाइन स्थापित की है।

**iv.** देश की समृद्ध विरासत तथा संस्कृति के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने, नागरिकों को अपने देश की व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने और इस प्रकार पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करके स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के सृजन के उद्देश्य से जनवरी **2020** में देखो अपना देश (डीएडी) पहल आरंभ की गई । इस अभियान का मुख्य फोकस कोविड**-19** के पश्चात यात्रा हेतु सुरक्षित गंतव्य के रूप में भारत के प्रति घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के विश्वास को पुनर्स्थापित करना है । मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट तथा वेबसाइट पर और घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा इस पहल का व्यापक प्रचार किया जा रहा है ।

**v.** बाजार विकास सहायता योजना के संबंध में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया ।

**vi.** सरकार ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की है, जिसके तहत एमएसएमई के लिए तीन लाख करोड़ रु. का कॉलेटरल फ्री ऑटोमेटिक ऋण उपलबध कराया गया है । ऋण की अवधि 4 वर्ष की होगी और 12 माह का अधिस्थगन होगा । इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने एमएसएमई की परिभाषा को भी संशोधित किया है जिसके द्वारा सेवा उद्यमों को विनिर्माण उद्यमों के समकक्ष लाया गया है । इन उपायों से पर्यटन सेवा प्रदाताओं को भी लाभ होगी ।

*****